कुल प्रश्नों की संख्या : 25]
Total No. of Questions : 25]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[ Total No. of Printed Pages : 11

# 2311201

# विषय : हिन्दी
# Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours ]

[पूर्णांक : 100
[ Maximum Marks : 100

***निर्देश :-***

सभी प्रश्न हल करना है।

(i) प्रश्न क्रमांक 1 – 'अ', 'ब', 'स', 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं। (01 × 20 = 20 अंक)

(ii) प्रश्न क्रमांक 02 से 09 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द। (02 × 08 = 16 अंक)

(iii) प्रश्न क्रमांक 10 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 50 शब्द। (03 × 08 = 24 अंक)

(iv) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 03 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित हैं।

शब्द सीमा 100 से 150 शब्द। (04 × 03 = 12 अंक)

(v) प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित हैं।

शब्द सीमा 150 से 200 शब्द। (05 × 04 = 20 अंक)

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 निबन्धात्मक है, जिस पर 08 अंक निर्धारित हैं।

शब्द सीमा 250 शब्द। (01 × 08 = 08 अंक)

## ( खण्ड - अ )

**प्रश्न-1 ( अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

(क) ग्रामीण ने यह सिद्ध कर दिया कि हिन्दी श्रेष्ठ भाषा है, क्योंकि वह –

(i) उसकी अपनी भाषा है।

(ii) राजभाषा है।

(iii) हमारी सम्पर्क भाषा है।

(iv) सरल भाषा है।



23112

(ख) अनचाहे पदार्थों को हमारा पेट क्या करता है –

(i) वैसा ही बने रहने देता है।

(ii) ठीक बना देता है।

(iii) बाहर निकाल देता है।

(iv) पचा देता है।

(ग) लेखक क्या देखकर हर्षातिरेक से चीख उठता है –

(i) बर्फ

(ii) पर्वत

(iii) सोमेश्वर घाटी

(iv) हरियाली।

(घ) देह की पतली कमर की लचीली कौन है ?

(i) सरसों

(ii) अलसी

(iii) मछली

(iv) लड़की।

(ङ) 'अधरों में राग अमंद पिए' पंक्ति किसके बारे में कही गई है ?

(i) मोर

(ii) मलयज

(iii) खगकुल

(iv) सखी।

## ( खण्ड - ब )

**( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** [1×5=5]

(क) जिस शब्द शक्ति द्वारा मुख्य अर्थ का प्रत्यक्ष बोध होता है, उसे ---------- शब्द शक्ति कहते हैं।

(ख) चल-चितवन हों, या ----------।

(ग) रौद्र रस का स्थायी भाव ---------- है।

(घ) कल्पना चावला ने सन् ---------- में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की।

(ङ) जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना व्यक्त की जाए वहाँ ---------- अलंकार होता है।

## ( खण्ड - स )

**( स ) सत्य अथवा असत्य लिखिए -** [1×5=5]

(i) बीज से कभी अंकुर नहीं निकलता।

(ii) 'मेघ आए' कविता में मेघ का वर्णन मेहमान के रूप में किया गया है।

(iii) जानवर फर्क करना जानते हैं।

(iv) माथा-पच्ची करने पर प्रगति होती है।

(v) यह आवश्यक नहीं की फीचर सूचनापरक हो।

## ( खण्ड - द )

**( द ) उचित सम्बन्ध जोड़िए -** [1×5=5]

| | खण्ड ( क ) | | खण्ड ( ख ) |
|---|---|---|---|
| (i) | वीरांगना | - | जयशंकर प्रसाद |
| (ii) | मैगसेसे | - | अमरकान्त |
| (iii) | कामायनी | - | केदारनाथ अग्रवाल |
| (iv) | बहादुर | - | फणीश्वरनाथ रेणु |
| (v) | सम्वदिया | - | किरण बेदी |

**प्रश्न–2** वृन्द ने मूर्ख के लिए जड़मति शब्द का प्रयोग क्यों किया है ? [2]

**प्रश्न–3** हिमालय से बार–बार क्या पुकार आ रही है ? [2]

**प्रश्न–4** वक्त पर जागने और बेवक्त जागने में क्या फर्क बताया गया है ? [2]

**प्रश्न–5** नारी गोली के समान चलने को कब विवश होती है ? [2]

**प्रश्न–6** 'सफेद बगुले' का कविता में क्या आशय हैं ? [2]

**प्रश्न–7** निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए – [1+1=2]

(i) चितेरा

(ii) अमिय

**प्रश्न–8** मीरा बाई ने किस जल से अपनी प्रेम की बेल को सींचा ? [2]

**प्रश्न–9** गुप्त समझौते के अनुसार नीबू के व्यापारी ने कंडक्टर को क्या दिया ? [2]

**प्रश्न–10** हरिगीतिका छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। [1+2=3]

**प्रश्न–11** भोटिया समुदाय के अन्तिम संस्कार की परम्परा का वर्णन कीजिए। [3]

**प्रश्न–12** श्रीकृष्ण की मुरली को गोपिकाएँ अधरों पर क्यों रखना नहीं चाहतीं ? [3]

**प्रश्न-13** 'बहुत दिनों के बाद' कविता में ग्राम्य-जीवन की झाँकी किस प्रकार प्रस्तुत की गई है ? [3]

**प्रश्न-14** व्यापारिक नगर की अपेक्षा ग्रामीण अंचल को प्रेम के लिए उर्वर क्यों माना गया है ? [3]

**प्रश्न-15** तालिका की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। [1+1+1=3]

**प्रश्न-16** 'बीती विभावरी जाग री' कविता में कवि ने प्रकृति का मानवीकरण किस प्रकार किया है ? [3]

**प्रश्न-17** 'बहादुर' कहानी का उद्देश्य क्या है ? [3]

**प्रश्न-18** कबीर ने गुरु को कुम्हार क्यों माना है ? लिखिए। [4]

***( अथवा )***

उपकारी के साथ रहने से क्या लाभ होता है ? लिखिए।

**प्रश्न-19** ज्ञानेन्द्रियों को समझाते हुए उनके कार्य बताइए। [1+3=4]

***( अथवा )***

हैजा होने के कारण एवं उससे बचने के उपाय लिखिए।

**प्रश्न-20** 'समाचार तटस्थ और निष्पक्ष होते हैं', इस पर टिप्पणी लिखिए। [4]

***( अथवा )***

समस्यामूलक परियोजना केवल तथ्यों पर आधारित होती है। स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न-21** आपका नाम अतुल है, अपने मित्र को हाईस्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर एक बधाई पत्र लिखिए। [1+1+2+1=5]

***( अथवा )***

परीक्षाकाल में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश महोदय, रायपुर को पत्र लिखिए।

**प्रश्न-22 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -** [1+1+2+1=5]

"सुमित्रा ने आहत दृष्टि से बेटे की ओर देखा। उसकी आहत दृष्टि देखते-देखते रोष से लाल होने लगी। बोली, "मैं सब समझती हूँ बनवारी। मैं कल ही गाँव चली जाऊँगी। मुझे पता है कि मैं अधिक दिन जिन्दा नहीं रहूँगी। लेकिन जब मरना है तो अपने लिए घिन से भरे इस सरकारी मकान में क्यों मरूँ ? क्यों न अपने पुश्तैनी घर की गोद में सिर डालकर चुपचाप सो जाऊँ ?"

***( अथवा )***

"यह मेरा मन इतना कल्पनाहीन क्यों हो गया है ? इसी हिमालय को देखकर किसने-किसने क्या-क्या नहीं लिखा और यह मेरा मन है कि एक कविता तो दूर, एक पंक्ति, एक शब्द भी तो नहीं जागता। पर कुछ नहीं, यह सब कितना छोटा लग रहा है, इस हिमसम्राट के समक्ष। पर धीरे-धीरे लगा कि मन के अन्दर भी बादल थे, जो छँट रहे हैं।"

**प्रश्न–23 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए -** [1+1+2+1=5]

''जब–जब भवन बिलोकति सूनो।

तब–तब बिकल होति कौसिल्या, दिन–दिन प्रति दुख दूनो।

सुमिरत बाल–विनोद राम के, सुन्दर मुनि–मनहारी।

होत हृदय अति सूल समुझि पद–पंकज अजिर–बिहारी।

को अब प्रात कलेऊ माँगत, रूठि चलैगो, माई।''

***(अथवा)***

''बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की,

बरस बाद सुधि लीन्हीं –

बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,

हरसाया ताल, लाया पानी परात भर के।

मेघ आए, बड़े बन–ठन के, सँवर के।''

**प्रश्न-24 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

[1+1+1+1+1=5]

"आवश्यकता से अधिक धन की इच्छा मनुष्य के सम्मान को ही नहीं, अपितु उसके अन्त:करण को भी लील जाती है। आदमी जब भी कोई अनुचित काम की ओर प्रवृत्त होता है तो उसका अन्त:करण उसे एक बार टोकता अवश्य है, पर धन-कामना के वशीभूत व्यक्ति धन प्राप्ति के ओछे, निन्दनीय और निम्न साधनों का उपयोग करने में अपने अन्त:करण की आवाज को नहीं सुन पाता है। धन के लिए वह कर चोरी या निम्न कर्म क्या ? किसी का गला काटने से भी नहीं हिचकता। धन-लोलुप मनुष्य राष्ट्र-द्रोह से भी परहेज नहीं करते हैं। धन की इच्छा उसके अन्त:करण की आवाज को दबा-दबाकर पूरी तरह खत्म कर देती है। इससे उसके अन्दर का स्वाभिमान भी मर जाता है। स्वाभिमान के मरने से निम्न से निम्न अनुचित साधन या उपाय को लेकर उसका मन उसे कभी धिक्कारता नहीं है।"

**प्रश्न( अ )** आवश्यकता से अधिक धन की इच्छा का क्या दुष्प्रभाव होता है ?

**प्रश्न( ब )** मनुष्य जब अनुचित काम की ओर प्रवृत्त होता है, तब उसके अन्त:करण की क्या प्रतिक्रिया होती है ?

**प्रश्न( स )** धन-कामना के वशीभूत मनुष्य क्या करता है ?

**प्रश्न( द )** 'अनुचित' का विलोम शब्द लिखिए।

**प्रश्न( इ )** मनुष्य के अन्दर का स्वाभिमान कब मर जाता है ?

**प्रश्न( फ )** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**प्रश्न**-25 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए -

[2+4+2=8]

(i) विज्ञान के चमत्कार।

(ii) स्वच्छता का महत्त्व।

(iii) वृक्षारोपण या वन संरक्षण।

(iv) यातायात - नियमों के पालन की आवश्यकता।

(v) मेरा प्रिय खेल।

●●●